# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
# बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखंड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड, पिन–834002, Email : pccf-ednodal@gov.in


पत्रांक :– दिनांक :–

सेवा में,

वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल,
मेदिनीनगर एंव चतरा।

**विषय :–** **मेसर्स सी0सी0एल0 के मगध रेलवे साईडिंग हेतु 121.29 हे0 (चतरा दक्षिणी वन प्रण्मडल अंतर्गत 17.01 हे0 एवं लातेहार वन प्रमण्डल अंतर्गत 104.28 हे0) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/RAIL/47332/2020) के संबंध में।**

प्रसंग :– 1. वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा का पत्रांक 670 दिनांक 30.11.2024
2. वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर का पत्रांक 779 दिनांक 12.12.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा सी0सी0एल0 के मगध रेलवे साईडिंग हेतु 121.29 हे0 (चतरा दक्षिणी वन प्रण्मडल अंतर्गत 17.01 हे0 एवं लातेहार वन प्रमण्डल अंतर्गत 104.28 हे0) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/RAIL/47332/2020) का ऑनलाईन एवं उसकी हार्ड कॉपी पाँच प्रतियों में प्राप्त हुआ है।

उक्त सी0सी0एल0 के मगध रेलवे साईडिंग निर्माण हेतु प्राप्त प्रस्ताव में निम्नवत् बिन्दुओं पर प्रतिवेदन अपेक्षित है :–

1. परियोजना में प्रस्तावित वनभूमि एवं गैर वनभूमि का KML में निरंतरता (Continuity) नहीं है। साथ ही परियोजना में गैर वनभूमि का KML अपलोड नहीं है। वनभूमि/गैर मजरूआ जंगल–झाड़ी एवं गैर वनभूमि का KML अलग–अलग रंगों में दर्शाया जाना आवश्यक है। अतएव वनभूमि/गैर वनभूमि सम्पूर्ण KML अपलोड किया जाना अपेक्षित है।
2. परियोजना में वनभूमि/गैर मजरूआ जंगल–झाड़ी भूमि में प्रतिवेदित Violation का Details तथा वनवाद की वर्तमान अद्यतन स्थिति अप्राप्त है।
3. परियोजना में क्षतिपूरक वनरोपण हेतु प्रस्ताव के पार्ट–II में लातेहार वन प्रमण्डल अंतर्गत मौजा–बालु का अपलोडेड KML file उचित Format में नहीं रहने के कारण खुल नहीं पा रहा है। इसे Proper रूप में KML File को अपलोड किया जाना अपेक्षित है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर वांछित निराकरण प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

ह0/–
प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

**ज्ञापांक :–** 72 **दिनांक :–** 21/1/2025

**प्रतिलिपिः–** क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पलामू/हजारीबाग/वन प्रमंडल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमंडल, लातेहार/चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल, चतरा एवं मुख्य महाप्रबंधक (पर्यावरण एवं वन), सी0सी0एल0, दरभंगा हाऊस, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/01/25

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

21-1

E:\ANUJ\Nitish\Magadh Railway Siding 121.29 ha. New\Letter 121.29 ha..docx